DMT_BHOOMI_18_2024-01_Layout 1 17-Feb-25 10:46 PM Page 1

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 18 फरवरी 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

13 कर्णेश्वर धाम को धार्मिक, पर्यटन दृष्टि से और भी ...


14 1 मार्च से समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपये पर होगी चना ...


## खबर संक्षेप

### भूमि सर्वेक्षण नक्शा का शुभारंभ आज

**धमतरी।** भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग द्वारा राष्ट्रीय भू- स्थानीक ज्ञान आधारित शहरी आवासों का भूमि सर्वेक्षण नक्शा के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में धमतरी जिले को शामिल किया गया है। इसका शुभारंभ शिवराज सिंह चौहान कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 18 फरवरी को रायसेन मध्यप्रदेश में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जा रहा है। धमतरी जिले में स्थानीय पुरानी कृषि उपज मंडी में सुबह 11 बजे कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी और कांकेर सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही विधायक धमतरी ओंकार साहू, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम और महापौर नगर निगम धमतरी रामू रोहरा मौजूद रहेंगे। दोपहर 12 बजे ड्रोन फ्लाई मिशन ग्राउंड धमतरी में होगा।

### जंगल गए कमार युवक को हाथी ने सूंड से पटका, घायल

**नगरी/सिहावा।** ग्राम गीतकारमुड़ा के बुधराम कमार पिता पुसऊ कमार उम्र 35 वर्ष मंगलवार की दोपहर भोथली जंगल में जलाऊ लकड़ी के लिए गया था। इसी बीच जंगल में अचानक उनका सिकासेर दल के लगभग 15 हाथियों से सामना हो गया। बुधराम कमार पर एक दंतैल हाथी ने हमला कर दिया। हाथियों की आवाज व बुधराम कमार पर हमले की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगल पहुंच गए और हाथियों को भगाया। बुधराम को इलाज के लिए सिविल अस्पताल नगरी लाया गया। उनका उपचार जारी है। मामला धमतरी वनमंडल के सांकरा रेंज का है।



- सिविल हास्पिटल नगरी में इलाज जारी

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : सुबह से शाम तक मतदान केंद्रों में रही भीड़, रात में रिजल्ट पर टिकी रही सबकी नजर

# चुनाव बना त्योहार, पहले किया मतदान फिर दूजा काम

- छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक हुआ मतदान, एक वृद्ध की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लोगों ने त्योहार की तरह मनाया। सुबह मतदान शुरू होने से पहले ही मतदान केंद्रों के सामने भीड़ लग गई थी। 7 बजे मतदान शुरू हुआ। दिनभर मतदान केंद्र में वोटिंग का सिलसिला चलता रहा। दोपहर 3 बजते ही जितने भी मतदाता पहुंच गए थे, उन्हें अंदर लेकर मतदान केंद्र का दरवाजा बंद कर दिया गया। इसके बाद मतदान शाम रात तक चलता रहा। मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू की गई, जो देर रात तक चलती रही। कलेक्टर नम्रता गांधी ने आदर्श ग्राम पंचायत रूद्री में मतदान किया।

पंचायत चुनाव के पहले चरण में सोमवार को धमतरी और मगरलोड विकासखंड में मतदान हुआ। मतदान को लेकर गांवों में जमकर उत्साह देखने को मिला। धमतरी ब्लाक की 94 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो मतदान के दौरान दोनों ही ब्लाक में माहौल शांत रहा।

जानकारी के अनुसार धमतरी ब्लाक की 94 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ। दोपहर 3 बजे तक 72.50 प्रतिशत मतदान हो चुका था।


देमार

52 हजार 231 पुरूष और 54 हजार 823 महिला मतदान कर चुके थे। इसके बाद भी मतदान का सिलसिला चलता रहा। अधिकांश गांवों में शाम 7 बजे तक मतदान कम्पलीट हो चुका था लेकिन कई बड़े गांवों में रात तक मतदान चला। इसके बाद मतगणना शुरू हुई। कई गांवों में मतगणना के रूझान के साथ उत्सव जैसा माहौल बनने लगा था। मतदान केंद्र के सामने ही प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़े।

### मतदान के दौरान दिखी अव्यवस्था

मतदान के दौरान अव्यवस्था नजर आई। अर्जुनी, तेलीनसत्ती, देमार में स्कूलों को मतदान केंद्र बनाया गया था। हर मतदाता को चार वोट डालना था लेकिन इस हिसाब से इंतजाम नहीं थे। इस कारण एक-एक वोट में काफी समय लग रहा था। सुबह से जो भीड़ लगी थी वह शाम तक छंटने का नाम नहीं ले रही थी।

देमार में तो मतदान केंद्र तक जाने के लिए लोगों को गैलरी से गुजरना पड़ता था। गैलरी संकरी होने के कारण यहां खचाखच भीड़ थी। मतदाता सत्येंद्र गोस्वामी, संतराम साहू, गोपालपुरी गोस्वामी, अंगेश्वर साहू , संजय साहू ने बताया कि भीड़ के कारण कई लोग चक्कर खाकर गिर पड़े। पानी की व्यवस्था भी खराब थी। अर्जुनी, तेलीनसत्ती सहित अन्य ग्राम पंचायतों में भीड़ काफी अधिक थी।

⏩ शेष पेज 13 पर


तेलीनसत्ती


खपरी

### बारात से सीधे पहुंचे दूल्हा मतदान केंद्र



ग्राम भटगांव में भीखम देवांगन की बारात 16 फरवरी को निकली थी। 17 फरवरी को वह दुल्हन लेकर लौटा। बारात से लौटने के बाद वह सीधा मतदान केंद्र पहुंचा और मतदान किया। वहीं ग्राम कलारतराई में एक वृद्ध हिन्छाराम की मौत मतदान के दौरान हो गई। वह दोपहर 1 बजे व्हीलचेयर से मतदान करने पहुंचा था। वोट डालने से पहले ही वह बेहोश होकर गिर पड़ा। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मगरलोड में 86 प्रतिशत मतदान

मगरलोड जनपद पंचायत में 86 प्रतिशत मतदान हो चुका था। मतदान का प्रतिशत और बढ़ेगा। जानकारी के अनुसार मगरलोड जनपद पंचायत में 91 हजार 462 मतदाता हैं, जिसमें 46 हजार 232 महिला और 45 हजार 230 पुरूष मतदाता शामिल हैं। जिले के मगरलोड जनपद पंचायत में 163 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले गए। यहां 63 सरपंचों के लिए 270 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। 571 पंच पदों के लिए 1268 और 23 जनपद सदस्यों के लिए 67 तथा 3 जिला पंचायत सदस्यों के लिए 9 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था। मगरलोड जनपद की दो ग्राम पंचायत में निर्विरोध सरपंच चुने गए हैं, जबकि एक ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए कोई नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

### रात में दारू, सुबह भजिया, शाम को मुर्गा पार्टी





मतदान से पहले मतदाताओं को रिझाने का खेल शुरू हो गया था। रात में लगभग सभी गांवों में मतदाताओं को खूब दारू बांटी गई। साड़ी, चादर, नोट भी खूब बंटे। सुबह से भजिया पार्टी शुरू हो गई थी। मतदान के बाद मतदाताओं को भजिया पार्टी दी गई। सुबह से दोपहर तक चूल्हे में गरमागरम भजिया, पोहा, बड़ा, जलेबी आदि बनता रहा। शाम को रिजल्ट आने से पहले ही कई प्रत्याशियों के घर में मुर्गा पार्टी हुई। चुनाव में मदद करने वाले समर्थकों को प्रत्याशियों ने पार्टी दी थी।

# सड़क हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाइक के डिवाइडर से टकराने से गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अन्य घटना में तेज रफ्तार बस की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय जोधापुर-सोरिद निवासी प्रहलाद सारंग पिता बोहरन उम्र 20 वर्ष, राज गाड़ा व तोमेश्वर मोटरसाइकिल से शुक्रवार को शादी कार्यक्रम में शामिल होने मगरलोड गए थे। जहां से रात्रि में तीनों वापस घर जोधापुर लौट रहे थे।

नेशनल हाईवे में बाम्बे गैरेज के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हादसे में प्रहलाद के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। गंभीर हालत के चलते शनिवार को परिजनों ने युवक को रिफर करा निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह युवक की मौत हो गई।

### बस की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की मौत





अन्य घटना में साहिल मंडावी पिता चंद्रकुमार उम्र 23 वर्ष ग्राम नाथिया नवागांव थाना कांकेर रविवार को अपने साथी राकेश कोर्राम व मोन्टू गावड़े के साथ मोटरसाइकिल में कहीं घूमने गया था जहां से तीनों रात्रि में वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम माकड़ी स्थित 750 ढाबा के पास तेज रफ्तार बस के चालक ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। घटना में मोन्टू गावड़े की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल साहिल को उपचार के लिए कांकेर अस्पताल लाया गया। नाजुक हालत को देखते हुए उसे रायपुर रिफर किया गया।

घायल को रात्रि में ही रायपुर ले जाया जा रहा था। सोमवार की सुबह 5 बजे लगभग एम्बुलेंस धमतरी के पास पहुंची थी। युवक की हालत बिगड़ती देख उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने डाला वोट





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत सोमवार को प्रथम चरण में धमतरी एवं मगरलोड में मतदान हुआ। कलेक्टर नम्रता गांधी ने हायर सेकेंडरी स्कूल रूद्री स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 204 में पहुंच लाइन में लगकर मतदान किया। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की भागीदारी पर निर्भर करती है और प्रत्येक मतदाता का वोट क्षेत्र के विकास की दिशा तय करता है। उन्होंने कहा कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है, जिससे हम अपने क्षेत्र के भविष्य का निर्धारण करते हैं। इससे पहले कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# सड़क हादसे में दो बहन घायल



**धमतरी।** रूद्री रोड में स्कूटी और कार में टक्कर हो गई। इस घटना में स्कूटी में सवार दो बहन घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रूद्री निवासी अंकिता अपनी बहन हर्षा के साथ रविवार की सुबह स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एम 1604 में सवार होकर रूद्री रोड से गुजर रही थी। इसी दौरान कर्मा चौक के पास कार क्रमांक सीजी 04 पीयू 1144 व स्कूटी की टक्कर हो गई। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व प्रेम साहू तत्काल एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना में एक के पैर व दूसरे के सीने में चोट आई है। जानकारी होने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों को रिफर कराकर मसीही अस्पताल ले गए।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969



## खबर संक्षेप

### पखांजूर के तालाब में मिला भ्रूण, जांच जारी

**पखांजुर।** थाना पखांजुर अंतर्गत पीव्ही 24 के तालाब में अज्ञात बच्चे का भ्रूण मिला है। पुलिस का मानना है कि अवैध गर्भपात के बाद भ्रूण को तालाब में फेंका गया है। घटना की खबर मिलते ही पखांजुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जाँच में जुट गई है और पतासाजी करने में लगी है कि किसके द्वारा यह कृत्य किया गया है। आरोपी का पता चल जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

### जंगली सुअर के हमले से ग्रामीण की हुई मौत

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम कोड़ेकुर्से का 60 वर्षीय ग्रामीण बकरी चराने के लिए जंगल गया था। बकरी चराने के दौरान जंगली सुअर ने ग्रामीण पर हमला बोल दिया। घायल ग्रामीण को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## निधन

### भास्कर वर्मा



**सिर्री।** ग्राम चिंवरी निवासी भास्कर वर्मा उम्र 20 वर्ष का निधन 9 फरवरी रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष वर्मा के पुत्र, खेदन वर्मा के नाती थे। उनके अंतिम संस्कार में यशुकुमार साहू, खुमान वर्मा, यमन वर्मा, नकुलराम, भैया राम, छेदनराम, दशरथ, चंद्रिका, राजेंद्र, सुरेंद्र सहित अनेक समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### बिसेश्वर साहू



**नगरी।** पुरानी बस्ती साहूपारा निवासी ओमप्रकाश (ओम) के पिता बिसेश्वर साहू का निधन रविवार को हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान से निकली जिसमें स्वजन एवं मोहल्लेवासी शामिल हुए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### क्षेत्रवासियों ने सड़क और पुल का निर्माण करने की मांग की

# रिसगांव नदी में डेढ़ घंटे फंसी रही पिकअप





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

रविवार को रिसगांव में मड़ई थी। सड़कों में वाहनों की लंबी कतार थी। आम लोग सड़कों पर धूल के गुब्बारे से परेशान होते रहे। रिसगांव सोंढूर नदी की रेत में एक पिकअप फंस गई जिसे निकालने कई लोग धक्का देते रहे। सूखी रेत के चलते गाड़ी और धंसती रही जिससे लोग परेशान हो गये। अंत में ट्रेक्टर लाकर गाड़ी को खींचकर बाहर निकाला गया, तब कहीं जाकर मेला जा रहे लोगों ने राहत की सांस ली और आवागमन बहाल हुआ। राहगीरों का कहना है कि रिसगांव क्षेत्र के निवासरत ग्रामीण बड़ी मुश्किल से निवास करते हैं हम तो कभी कभार आते हैं। अब दोबारा आने का मन नहीं करता। उन्होंने विष्णुदेव सरकार से यहां सड़क और पुल का निर्माण करने का निवेदन किया। नन्दू पटेल ने बताया कि हम लोग मेला में दुकान लगाने आये हैं और सूखी नदी में गाड़ी का चक्का धंस गया। डेढ घंटे की मशक्कत के बाद भी गाड़ी नहीं निकली। उसे ट्रेक्टर से खींचकर निकाला। ऐसे में कमाई का हिस्सा अब ट्रेक्टर को देना पड़ेगा। मोहन यादव बाइक चालक ने कहा कि आज रिसगांव क्षेत्र में आजादी के 76 वर्षों के बाद भी सुधार नहीं आया है। इस क्षेत्रवासियों के लिये सड़क और पुल की सबसे बड़ी समस्या है। नदी, और सड़क से लोग परेशान है। सरकार को जल्द ही सड़क और पुल की सौगात देनी चाहिये।

### सशिमं आमदी में छात्रों ने उतारी माता-पिता की आरती

**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में मातृ पितृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व माता-पिता की आरती से हुआ। मातृ-पितृ दिवस के संबंध में गीत, भाषण, पूजन वंदन का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जागेश्वर साहू एवं योगेश्वर साहू ने छात्र-छात्राओं को मातृ पितृ पूजन का महत्व समझाया। बताया कि एक व्यक्ति का प्रथम गुरु माता-पिता होता है। इनका कभी भी तिरस्कार न करें।

### चरमुड़िया में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया

**डांडेसरा(धमतरी)।** 14 फरवरी को चरमुड़िया रेलवे स्टेशन में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में माता-पिता अपने बच्चों के साथ शामिल हुए। मातृ-पितृ दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन में माता-पिता के प्रति सम्मान को जगाना है। आजकल बच्चे संस्कार को भूल गए हैं।

## 33 यजमान ने की सप्त ऋषियों, आकाश देवता की पूजा-अर्चना

- 51 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ में उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय 51 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। द्वितीय दिवस 17 फरवरी को प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना, प्रज्ञा योग एवं व्यायाम, 9 बजे से देव मंच पूजन, व्यास पीठ पूजन, यज्ञ पंचवेदी पूजन, सप्त ऋषियों की पूजा- अर्चना, सर्वतोभद्र पूजन, आकाश देवता का पूजन 33 मुख्य यजमान द्वारा किया गया। दोपहर 2 बजे स्वयं को पहचानो नारी जागरण विषय पर श्रीमती गायत्री बोदेले की टीम ने अपने विचार रखे। कहा कि आज की नारी पुरूषों से कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। विश्व के कोने कोने तक पहुंचने में उनकी अग्रणी भूमिका होगी। साथ ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा के विचार हम बदलेंगे युग बदलेगा एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण की संकल्पना पूर्ण हो इसके लिए सप्त क्रांति आंदोलन के विषय पर संगीतमय संगोष्ठी आयोजित हुई। तत्पश्चात शांतिकुंज हरिद्वार से ऋषि पुत्रों का पुनः देव मंच व्यास पीठ आसित हुए। प्रज्ञा पुराण कथा शांतिकुंज टोली नायक गणेश चंद्रवशी थे।

आज तृतीय दिवस 18 फरवरी को प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना, व्यायाम एवं प्रज्ञा, प्रातः 8 बजे गायत्री महायज्ञ के साथ गर्भ संस्कार, दीक्षा संस्कार, अन्नप्राशन, जन्मोत्सव, विद्यारंभ संस्कार सहित विभिन्न संस्कार सम्पन्न होंगे। दोपहर 2 बजे युवा जागरण विषय पर संगोष्ठी होगी। शाम 4 बजे युवा जागरण संगोष्ठी, शाम 6 बजे से राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बने विषय पर श्री चंद्रवंशी द्वारा सप्त आंदोलन के साथ दिव्य दीप महायज्ञ संपन्न कराया जायेगा।

## नवागांव में सत्संग समारोह शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम नवागांव (कचना) में 17, 18 और 19 फरवरी को सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। संत धर्मेंद्र साहेब अपनी संत मंडली के साथ प्रयागराज से पधार रहे हैं। प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे व दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक भजन प्रवचन का कार्यकम होगा। 19 फरवरी को भजन गायक गुरुशरण साहू ग्राम भेंडरी की भजन प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में साध्वी समाज, श्री कबीर आश्रम समिति व ग्रामवासी जुटे हैं।

## बैंकिंग के छात्रों ने आरटीजीएस एनएफटी को बारीकी से समझा

- सांकरा के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में 10 दिवसीय इंटर्नशिप दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा



व्यावसायिक शिक्षा के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा के विद्यार्थियों को बैंकिंग की प्रायोगिक व सैद्धांतिक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षक सरस्वती बैस के नेतृत्व में कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों को 21 जनवरी से 1 फरवरी एवं 12वीं के विद्यार्थियों को 5 से 17 फरवरी तक सांकरा स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में 10 दिवसीय इंटर्नशिप दी गई। इंटर्नशिप में विद्यार्थियों ने ग्राहक सेवा, संचार, ग्राहकों से बातचीत, बैंक खाता खोलना, पासबुक प्रिंट, ऑनलाइन ट्रांसफर, आरटीजीएस, एनएफटी, ऋण उत्पाद, नोटों की बारीकियां व अन्य बैंकिंग सुविधाओं को प्रायोगिक रूप में समझा।

प्रशिक्षण ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर रीना खाखा एवं बैंक स्टाफ के द्वारा दिया गया जिसका समय-समय पर प्राचार्य द्वारा निरीक्षण भी किया गया। इंटर्नशिप के पश्चात विद्यार्थियों के खाते में इसकी पारिश्रमिक राशि भी ट्रांसफर की जायेगी। इस 10 दिवसीय इंटर्नशिप को स्कूल स्टाफ ने विद्यार्थियों के लिए एक अहम कदम बताया।

## रासेयो से चरित्र निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है : चैतराम





- कोसमर्रा स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना ए प्रमाण-पत्र परीक्षा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना ए प्रमाणपत्र परीक्षा 2025 का आयोजन किया गय जिसमें 35 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्राचार्य चैतराम साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल साहू एवं बाहय परीक्षक संतोष जैन कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी के दिशा-निर्देशन में जो छात्र-छात्राएं सात दिवसीय शिविर एवं नियमित गतिविधियों में दो वर्ष में 240 घंटे पूर्ण किए हैं, उन्होंने स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरुकता, विद्यालय परिसर में एनएसएस वाटिका में आम, अमरूद एवं बागवानी में फूल पौधों का संरक्षण, नशामुक्ति अभियान, पोषण जागरूकता, माय भारत, तिरंगा रैली, यातायात जागरूकता, मतदाता जागरूकता अभियान में सहभागिता प्रदान की।

प्राचार्य श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से चरित्र निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी श्री सोनबेर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व विकास के साथ साथ जीवन ज़ीने की कला सीखते हैं। बाहय परीक्षक श्री जैन ने कहा कि पढ़ाई के साथ। साथ समाज से जुड़कर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते। उन्होंने युवाओं से आव्हान करते हुए कहा कि नशामुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। बाहय परीक्षक ने लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली।

इस अवसर पर व्याख्याता बालकृष्ण साहू, पुष्पेन्द्र गुरू, संतोष जगताप, रविन्द्र बंधे, मानसिंह जांगड़े, हरिश्चंद्र नेताम, किरण मनहर एवं स्वयंसेवक सिद्धार्थ, सौरभ, यमन, टिकेश्वर, योगेश्वरी, खेमेश्वरी, चंचल, लीना, रागिनी, अनिषा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल साहू ने किया।

## आधुनिक कृषि से किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे : अरुण

- जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने किसानों को कृषि में नवाचार अपनाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





जिले पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अरुण कुमार सार्वा ने चुनाव प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। 17 फरवरी को उन्होंने क्षेत्र के बिलभदर, दलदली (अ), दलदली (ब), कर्राघाटी, अमलीपार, चमेंदा (अ), चमेंदा (ब), हरदीभाठा, देवपुर, बोधसेमरा, छिपलीपारा, सोनामगर, मुकुंदपुर, खमनापारा, बोकराकट्टा, पंडरीपानी (गढ़ियापारा), भाटखार सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर भाजपा को जिताने की अपील की।

इन जनसभाओं में श्री सार्वा ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। ग्रामीणों ने भी भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया और उनके विजयी होने की कामना की।

### आधुनिक कृषि को अपनाना जरूरी

श्री सार्वा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी आमदनी को कई गुना बढ़ा सकते हैं। उन्होंने किसानों को प्रेरित किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ उन्नत बीज, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग तकनीक और आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करें, जिससे खेती अधिक उत्पादक और मुनाफेदार बने। आगे कहा कि मेरा उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के हर किसान और हर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। खेती में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने से न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों को बाजार में भी अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्रीकरण योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना और जैविक खेती को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की जानकारी दी।

### त्रिस्तरीय भाजपा सरकार से होगा सर्वांगीण विकास

श्री सार्वा ने कहा कि जब केंद्र, राज्य और पंचायत तीनों स्तर पर भाजपा की सरकार होगी, तभी योजनाओं का पूरा लाभ ग्रामीण जनता तक पहुंचेगा। उन्होंने समझाया कि जब पंचायत में भी भाजपा का प्रतिनिधि होगा, तो सरकार की सभी योजनाएं तेजी से लागू होंगी और क्षेत्र का विकास कई गुना बढ़ जाएगा।

### कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का संकल्प

चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान सुगनचंद साहू, गिरवर भंडारी, रमेश साहू, बलदाऊ यादव, लव कुमार साहू, सतीश साहू समेत कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को भाजपा की नीतियों से अवगत कराया और पार्टी को जिताने का आग्रह किया। जनसभा में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और भाजपा प्रत्याशी अरुण सार्वा को अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

### एक-एक वोट से तय होगा गांवों का भविष्य

अरुण सार्वा ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने कीमती वोट का सही उपयोग करें और भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाएं। आपका एक वोट क्षेत्र के विकास की दिशा तय करेगा। भाजपा सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए जो योजनाएं बनाई हैं, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पंचायत स्तर पर भाजपा को जिताना जरूरी है। भाजपा के पक्ष में मतदान करें और क्षेत्र के विकास में योगदान दें।

Pride of Dhamtari



सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है



चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरूद, नगरी, मगरलोड, आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी, 3X2 के 100 बैनर, फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी, 4X2.5 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
| --- | --- | --- | --- |
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली तख्ती | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| बैनर | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| बैनर | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| बैनर | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| बैनर | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| बैनर | 20X10 | 1400 | प्रति नग |

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है
हीरा आर्ट्स
सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन व्हाट्सऐप कर कॉल करें
93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## अंचल की खबरें

### मतदाता मित्रों ने पंचायत चुनाव में किया सहयोग



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली की इंडियन रेडक्रास सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदाता मित्र के रूप में सहयोग प्रदान किया। पंचायत चुनाव में खरतुली व परसतराई के मतदान केन्द्रों में वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने में उत्साहपूर्वक सहयोग दिया।

### जोधापुर में शिव महापुराण कथा 21 से



- सनातन उत्थान सेवा समिति आयोजन की तैयारी में जुटी

**धमतरी।** सनातन उत्थान सेवा समिति धमतरी के तत्वावधान में जोधापुर वार्ड सोरिद भाठ स्कूल के सामने 21 से 27 फरवरी तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथावाचक चेतन दुलार महाराज सात दिन तक भगवान शिव नाम का रसपान करायेंगे। आयोजन की तैयारी में डाकबंगला वार्ड, जोधापुर वार्ड एवं सोरिद वार्ड के युवा एवं मातृशक्ति जुटे हुए हैं।

### ब्राम्हण समाज के तहसील अध्यक्ष बने कमलेश



**कुरुद।** ब्राम्हण समाज तहसील कुरुद की बैठक काली मंदिर में रखी गई। जहां सर्वसम्मति से प्रमुखजनों ने पदाधिकारियों का चयन किया। अध्यक्ष कमलेश तिवारी, उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला, सतीश शर्मा, सचिव लक्ष्मीकांत द्विवेदी, कोषाध्यक्ष नंदकुमार पांडेय, सहसचिव कोमल शुक्ला, जिला प्रतिनिधि हयग्रीव शर्मा, जगजीवन मिश्रा बनाये गए। विशेष आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्यों में महेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, ईश्वर पांडेय, अशोक शर्मा, आशीष शर्मा, रमेश पांडेय शामिल हैं।

### छात्रों ने नशा छोड़ने का लिया संकल्प





**धमतरी।** एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में प्रोजेक्टर के माध्यम से गायत्री परिवार ने बताया कि अभिभावक बच्चों को स्कूल में शिक्षक द्वारा डांटने पीटने पर बुरा न माने। बच्चों के व्यवहार को सुधारने में शिक्षक मुख्य भूमिका निभाते हैं। कुछ शिक्षकों की गलती के कारण सभी शिक्षकों का अपमान न करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया। मौके पर प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ कौशल प्रसाद साहू, हीरालाल साहू, विद्यालय के प्राचार्य केके साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती सीमा रानी भोसले, श्रीमती श्री नायर सोनवानी, श्रीमती सुनीता नाग, श्रीमती गीतांजलि ध्रुव, कुमारी श्वेता गजेंद्र, कुमारी नमिता देवांगन, श्रीमती ज्योति ठाकुर, कुमारी समीक्षा यादव उपस्थित थे।

### मुस्लिम तेली समाज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ मुस्लिम तेली समाज (सीटीबी फाउंडेशन) की कोर कमेटी की बैठक रायपुर में हुई। 11 पदाधिकारियों की इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रदेश पदाधिकारियों ने फाउंडेशन की कार्यप्रणाली पर अपने विचार व्यक्त किए। कोर कमेटी ने सीटीबी सम्मेलन 2025 पर चर्चा की और यह सुनिश्चित किया कि मुस्लिम तेली समुदाय के उन बुजुर्गों का सम्मान करे और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करे, जिन्होंने समाज के कल्याण के लिए सीटीबी फाउंडेशन को अपना योगदान दिया है। बैठक में राजिक चौहान, हाजी इलियास निर्बान, मुस्तफा रजा निर्बान, मुहम्मद जफर खोखर, हाजी रब्बानी बेड गुजर, मो. नियाज गौरी, हाजी अख्तर, रजा गोड, हाजी मुहम्मद, फैयाज चौहान, मुहम्मद शमीम चौहान, मुहम्मद रफीक भट्टी, हाजी अब्दुल रशीद खत्री उपस्थित थे।

कर्णेश्वर धाम में पांच दिवसीय माघी पुन्नी मेला का समापन

# कर्णेश्वर धाम को धार्मिक, पर्यटन दृष्टि से और भी विकसित करेंगे : अंबिका

- मेला का आनंद लेने दूर-दूर से पहुंचे लोग, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



कर्णेश्वर धाम में पांच दिवसीय माघी पुन्नी मेला का आयोजन कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में हुआ। समापन अवसर के मुख्य अतिथि कांकेर सांसद भोजराज नाग थे। विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रावण मरकाम, ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सम्माननीय नागरिक भी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि कर्णेश्वर धाम महानदी के त्रिवेणी संगम के तट पर बसा एक पवित्र तीर्थ स्थल है, जहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु माघी पुन्नी के दिन पवित्र डुबकी लगाकर अपने आराध्य भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं और सुख-शांति की कामना करते हैं। कर्णेश्वर धाम अपनी धार्मिक महत्ता और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

विधायक अंबिका मरकाम ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कर्णेश्वर धाम केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। महानदी के त्रिवेणी संगम पर स्थित यह पवित्र धाम श्रद्धालुओं को अध्यात्मिक शांति और मानसिक संतुलन प्रदान करता है। महानदी छत्तीसगढ़ की जीवनरेखा है। उसका उद्गम स्थल इसी पवित्र भूमि पर स्थित है। यह धाम हमें हमारी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर की याद दिलाता है। यह मेला हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने और भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कर्णेश्वर धाम को धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से और भी विकसित करने का प्रयास किए जाएंगे। इससे क्षेत्र की समृद्धि में वृद्धि होगी और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान मिल सकेगी। विधायक ने आगे कहा कि महानदी केवल एक नदी नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सभ्यता की आधारशिला है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि भोजराज नाग, विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम समेत सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोक कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य और संगीत की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।







**धमतरी।** शहर से लगे ग्राम पंचायत अर्जुनी में 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत वोट डाले गए। मतदान की पूर्व रात्रि में छिटपुट घटना के बाद भी सुबह से लेकर शाम तक मतदान केंद्र में वोट डालने मतदाताओं की भीड़ लगी रही। इस चुनाव में महिला मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।

## परंपरागत खेल से शारीरिक और मानसिक विकास : दीपक सिंह



- बिरगुड़ी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम बिरगुड़ी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सनातन सेना प्रमुख दीपकसिंह ठाकुर शामिल हुए। श्री ठाकुर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि परंपरागत खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कबड्डी ग्रामीण क्षेत्र का एक परंपरागत खेल है। इस खेल के माध्यम से खिलाड़ियों में संगठनात्मक रूप से कार्य करने की दक्षता विकसित होती है। किसी भी खेल को खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत खेल का एक हिस्सा है। युवाओं की भूमिका खेल के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में भी होनी चाहिए। उन्होंने गांव-गांव में बढ़ती नशाखोरी, अपराध पर चिंता जाहिर करते हुए युवाओं को इससे बचने की सलाह दी। अकबर कश्यप एवं करण सेन ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आशीष, तुषार समेत अन्य मौजूद थे।

## रामू ने लाइब्रेरियन को समय पर लाइब्रेरी खोलने के दिए निर्देश

- विद्यार्थियों से लाइब्रेरी में किताबों की कमी, बैठने की व्यवस्था के बारे में ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा सोमवार की सुबह जब वे शहर के निरीक्षण पर निकले, तो उन्हें पी डब्बूडी रेस्ट हाऊस के पास स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी के बाहर खड़े विद्यार्थियों का हुजूम दिखा। ये सभी विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी के लिए लाइब्रेरी खुलने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन 10 बजे तक भी लाइब्रेरी के दरवाजे बंद थे।

महापौर ने मौके पर ही लाइब्रेरियन को फोन कर निर्देशित किया कि लाइब्रेरी निर्धारित समय पर खोली जाए और विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी साफ शब्दों में कहा कि पढ़ाई के लिए आने वाले विद्यार्थियों की जरूरतों का ध्यान रखा जाए और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

लाइब्रेरी के बाहर खड़े विद्यार्थियों से श्री रोहरा ने बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। विद्यार्थियों ने बताया कि कई बार लाइब्रेरी देर से खुलती है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। इसके अलावा, लाइब्रेरी में किताबों की कमी, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने जैसी समस्याओं को भी उन्होंने रखा। श्री रोहरा ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और विद्यार्थियों की परेशानियों को दूर करना उनकी प्राथमिकता है।

श्री रोहरा शिक्षा और ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनकी पहल पर हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी में नालंदा परिसर स्थापित करने की घोषणा की है। यह परिसर विद्यार्थियों के लिए एक अत्याधुनिक ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। महापौर ने कहा कि नालंदा परिसर का निर्माण धमतरी के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसमें उच्चस्तरीय पुस्तकालय, डिजिटल संसाधन, आधुनिक अध्ययन सुविधाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष केंद्र होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण देना और उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना महापौर की प्राथमिकताओं में शामिल है। उनकी इस सख्ती से अब यह तय हो गया है कि धमतरी में किसी भी विद्यार्थी को शिक्षा के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

गांव-गांव में लोकतंत्र के महापर्व का रहा उत्साह

# नाती बहू का हाथ पकड़कर मतदान केन्द्र पहुंची रजनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





सोमवार को पंचायती राज के लिए लोकतंत्र का जीवंत दृश्य देखने को मिला। गांवों के बूथों में मतदान करने मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। मतदान करने के लिए वोटरों में भारी उत्सुकता रही। वहीं धीमे मतदान के कारण लोगों को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ा। धमतरी ब्लाक के कई बूथों में शाम 7 बजे तक मतदान हुआ।

ग्राम लोहरसी में रजनी बाई ने अपनी नाती बहू अंजलि ध्रुव का हाथ पकड़कर मतदान केन्द्र पहुंची। अंजलि ने बताया कि दादी सास की उम्र करीब 78 वर्ष है। बीमार होने के बावजूद वह वोट डालने उत्सुक थी। वह उसका हाथ पकड़कर मतदान केन्द्र पहुंची। वृद्ध होने के कारण उसे सीधे वोट डालने का मौका दिया गया। वृद्ध रजनी बाई ने बताया कि वोटिंग करने में उसे किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई।

ग्राम पंचायत मुजगहन में भी मतदाताओं का रेला लगा रहा। मुजगहन स्कूल में कार पर सवार होकर पहुंचे असमर्थ मतदाता को मतदाता मित्र व्हीलचेयर के माध्यम से बूथ तक ले गए। वोटिंग के बाद उसे पुनः व्हीलचेयर से कार में छोड़ा। मतदाता मित्रों ने बताया कि उनकी ड्यूटी सुबह 6:30 बजे से लगी है। वृद्ध एवं दिव्यांगों को मतदान के लिए इंतजार नहीं करना पड़ा। रत्नाबांधा ग्राम पंचायत में भी सुबह से मतदान करने लोग उमड़ पड़े। फकीर वर्मा, पुष्कर यादव ने बताया कि रत्नाबांधा में शांति पूर्ण मतदान हुआ है।

### मकई तालाब सूखने की कगार पर...



**धमतरी।** घड़ी चौक स्थित मकई तालाब में गर्मी के लगते ही सूखने की कगार पर आ गए हैं। रविवार को बच्चे कीचड़ में मछली पकड़ते दिखे। फोटो खीचते ही बच्चे जाल छोड़कर भाग निकले।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### चुनाव बना त्योहार, पहले किया मतदान फिर...

**नदी कछार के गांवों में दिखा उत्साह :** ग्राम कोलियारी, करेठा, अछोटा, भोयना, तेंदुकोना, मथुरा, जवरगांव सहित अन्य गांवों में लोगों ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। मतदान के दौरान पुलिस के जवानों ने प्रत्याशियों एवं समर्थकों को मतदान केंद्र से 100 मीटर दूर रखा। सभी प्रत्याशियों का स्टाल मतदान केंद्र से 500 मीटर दूर लगाया था। जहां मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। मतदान से पहले लोगों को चाय, नाश्ता, पकौड़ा खिलाया, पिलाया गया। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कोलियारी पहुंचकर व्यवस्था संभाली। मतगणना से पहले तक गांव की गलियां सूनी रही। ग्रामवासी मतदान स्थल पर डटे रहे।



खबर संक्षेप

## सार्वा आज कई गांवों में करेंगे जनसंपर्क



**नगरी।** जिले पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अरुण कुमार सार्वा 18 फरवरी को क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे और जनता से जनसंपर्क कर समर्थन मांगेंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ग्राम सेमरा, लटियारा, सिहावा, भीतररास, डोंगरीपारा, सिरसिदा, रावनसिंघी, मल्हारी, अमलीपारा, रानीगांव, पोडीडीही, खम्हरिया में सभा आयोजित की जायेगी। चुनाव संचालक एवं प्रभारी रविशंकर दुबे ने बताया कि श्री सार्वा जनता से भाजपा की नीतियों और विकास योजनाओं को साझा करेंगे।

## प्रायोगिक परीक्षा 19 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी (आईटी) भाग 3 विषय डेटा स्ट्राक्चर की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 19 फरवरी को सुबह 10.30 बजे एवं बीसीए भाग 3 विषय प्रोग्रामिंग इन जावा की प्रायोगिक परीक्षा 19 फरवरी को प्रातः 8 बजे से होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि व समयानुसार प्रायोगिक फाइल के साथ समय से आधा घण्टा पूर्व अपनी उपस्थिति देंगे।

## कमांडो ट्रेनिंग में कोबरा 204 वाहिनी की टीम प्रथम

**जगदलपुर।** सीएसजेडब्लूटी कोबरा कमांडो ट्रेनिंग स्कूल, बेलगांव (कर्नाटक) में आयोजित कमांडो ट्रेनिंग में छत्तीसगढ़ में तैनात 204 कोबरा की टीम ने डिप्टी कमांडेंट सवितेशु सत्या के कुशल नेतृत्व में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्हें इस प्रशिक्षण के दौरान वेस्ट फायरर की ट्रॉफी प्राप्त की है। ट्रेनिंग के बाद विजेता ट्रॉफी लेकर जगदलपुर लौटने पर कोबरा टीम का भव्य स्वागत किया गया। विजेता टीम को कमांडेंट संतोष कुमार मल्ल ने बधाई देते हुए सभी कमांडो को पुरस्कार देने की घोषणा की। द्वितीय कमान अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि कोबरा की ट्रेनिंग बहुत कठिन है और जंगल वारफेयर में कोबरा ना केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बना चुकी है। बस्तर में छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर नक्सलवाद खत्म करके शान्ति करने के लिए कटिबद्ध है ।

## छात्रावास में अनुशासित जीवन का महत्व आया समझ में और बड़े बनने की मिली प्रेरणा

**जगदलपुर।** शहर के कमला नेहरू कन्या छात्रावास में सद्भावना एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जीएस सोरी ने आयोजन की प्रशंसा करते कहा कि बच्चों की प्रस्तुति देखकर हमें अपने बचपन की याद आ गई क्योंकि हमने छात्रावास में रहकर पढ़ाई की। घर से दूर छात्रावास में रहकर पढ़ना कई मामले में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्रावास में रहने से सांस्कृतिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है। सबसे बड़ी बात अनुशासन में रहने और पढ़-लिखकर बड़ा बनने की सोच पैदा होती है। मैंने भी छात्रावास में रहकर पढ़ाई की। अब आपकों तय करना है कि अच्छे से पढ़ लिखकर किस मार्ग पर आगे चलना है।

### जिले के साढ़े 15 हजार हेक्टेयर में लगी चने की फसल, किसानों को अच्छा फायदा होने का अनुमान

# 1 मार्च से समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपए पर होगी चना की खरीदी, पंजीयन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



जिले में धान खरीदी के बाद अब किसानों से शासकीय समर्थन मूल्य पर चना खरीदने की तैयारी तेजी से की जा रही है। राज्य सरकार इस वर्ष प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत जिले में चने की फसल लगाने वाले किसानों से 5 हज़ार 650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से चना की खरीदी करेगी। चना की खरीदी एक मार्च से शुरू होगी। चना उपजाने वाले किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर शुरू हो गया है।

उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि चने की फसल लगाने वाले किसान अपना पंजीयन किसान पोर्टल पर करा सकते हैं। इसके लिए किसानों को अपने खेत की ऋण पुस्तिका, आधार नम्बर, बैंक पास बुक और मोबाइल नम्बर के साथ आवेदन अपने क्षेत्र की सहकारी समिति में जमा करना होगा। पोर्टल पर पंजीयन के बाद क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा फ़सल का सत्यापन किया जाएगा। उपसंचालक ने यह भी बताया कि इस वर्ष 6 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से किसानों से चना की खरीदी की जाएगी।

इस वर्ष के लिए शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 56 रुपए 50 पैसा प्रति किलो के मान से 5 हज़ार 650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिले में चना खरीदी के लिए 4 उपार्जन केंद्र बनाए जा चुके हैं और 4 नए केन्द्रों के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। धमतरी विकासखंड में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति तरसींवा और लोहरसी को उपार्जन केंद्र बनाया गया है।

कुरूद विकासखंड में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति रामपुर और कातलबोड़ को उपार्जन केंद्र बनाया गया है। इसके साथ ही 4 नए उपार्जन केंद्रों नगरी, मगरलोड, धमतरी और छाती के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जिले में लगभग साढ़े 15 हज़ार हेक्टेयर में चना की फसल लगाई गई है। धमतरी विकासखंड में ही 6 हज़ार 378 हेक्टेयर में किसानों ने चना की खेती की है। कुरूद विकासखंड में 5 हज़ार 875 हेक्टेयर में, मगरलोड विकासखंड में लगभग ढाई हजार हेक्टेयर और नगरी विकासखण्ड में 726 हेक्टेयर रकबे में चने की खेती की जा रही है।

## ओवरहेड टंकी के वाल्व में लीकेज बठेना वार्ड की गलियों में भरा पानी



- चार घंटे की मशक्कत के बाद किया गया दुरूस्त


हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर के बठेना वार्ड स्थित ओवरहेड टैंक के वाल्व में लीकेज होने से कुछ समय के लिए बस्ती में अफरा-तफरी मच गई। वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम ने बताया कि रविवार सुबह 8 बजे 7.50 लाख लीटर क्षमता वाले ओवरहेड टैंक के वाल्व में लीकेज होने से भारी मात्रा में पानी बहने लगा। टैंक के पानी का प्रेशा इतना था कि 15 फीट ऊंचे पानी का फौव्वारा उठने लगा। बठेना वार्ड की बस्ती में भारी मात्रा में पानी बहने से 15-20 घरों में पानी घुस गया। वहीं 5 वार्ड के करीब 700 घरों में पानी आपूर्ति बाधित रही। निगम की टीम सुबह सूचना मिलते ही टंकी सुधार कार्य के लिए पहुंची जिसे दोपहर तक ठीक कर लिया गया। डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने बताया कि ओवरहेड पानी टंकी के वाल्व में लीकेज होने के कारण गलियों में पानी भर गया था। टंकी के खाली होने के बाद सुधार कार्य कर लिया गया है।

## फार्मर आईडी से किसानों की होगी डिजीटल पहचान

- कृषि सहित संबंधित योजनाओं का मिलेगा लाभ
- सीएससी में नि:शुल्क होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




किसानों की पहचान अब फार्मर आईडी कार्ड से होगी। यह पहचान पत्र केंद्र और राज्य सरकार के सौजन्य से बनाए जा रहे हैं। जिसमें भूमि, पशु एवं बुवाई की गई फसलों के साथ किसान से संबंधित विभिन्न विकरण होंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा है कि एक बार फार्मर कार्ड बन जाने के बाद किसानों को बार बार केवाईसी कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस कार्ड के माध्यम से किसानों को बीमा सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषकों की भूमि को आधार लिंक कर उसकी एक आईडी बनाना है। जिससे कृषक को विभिन्न विभागों की योजनाओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों के विपणन लाभ के लिए आईडी का प्रयोग कर लाभ लिया जा सकता है। फार्मर रजिस्ट्री से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद की खरीद, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान, संस्थागत खरीदारों से जोड़ने का अवसर, कृषि इनपुट सप्लायरों के साथ किसानों को जोड़ने का अवसर, फसली ऋण एवं फसल बीमा की क्षतिपूर्ति, आपदा राहत प्रदान करने में सुगमता समय पर वांछित परामर्श, नवोन्मेशी कार्यक्रमों के विस्तार में सफलता, कृषि के साथ साथ अन्य संबंधित विभाग जिसमें गन्ना, उद्यान, मत्स्य, खाद्य एवं विपणन आदि के योजनाओं में लाभ, न्यूनतम समर्थन मूल्य में कृषि उत्पाद के विक्रय में सुगमता, पीएम किसान योजना के अंतर्गत किश्त प्राप्त करने में सुगमता होगी।

### सीएससी सेंटर में नि:शुल्क पंजीयन

कृषि अधिकारी फत्तेलाल पटेल ने बताया कि फार्मर आई कार्ड बनाने के लिए आधारकार्ड, खतौनी की छायाप्रति तथा आधार पर पंजीकृत मोबाइल नंबर जरूरी है। सीएससी सेंटरों में पंजीयन के लिए 15 रुपए के राशि को शासन ने निशुल्क रखा है।

### एक लाख से अधिक फार्मर आईडी का लक्ष्य

राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने बताया कि फार्मर आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। अब तक 6560 कार्ड बनाये जा चुके हैं। 1 लाख 2 हजार 440 आईकार्ड बनाने का टारगेट है। फार्मर कार्ड बनाने में धमतरी जिला प्रदेश में पांचवे स्थान पर है।

## नवकार महिला मंडल के सदस्यों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नवकार महिला मंडल में 23 सालों से कार्यरत अध्यक्ष संतोष मिन्नी द्वारा सभी मंडल की सदस्यों का कीकू चावल लगाकर उपहार भेंट सम्मान किया गया। मिन्नी ने कहा कि जिंदगी से हर पल एक मौज मिली एक अच्छा दोस्त मांगा था पर मुझे तो दोस्तों की फौज मिली है। उनका कहना है कि मैं एक बेहतरीन अध्यक्ष हूं या नहीं मुझे नहीं पता लेकिन मेरे सारे सदस्य बेहतरीन मेंबर हैं यह जरूर पता है। सभी अपना अमूल्य समय हर कार्य में अपना वक्त निकाल कर भरपूर सहयोग देते हैं। जब भी जितना समय मांगू मिलता है तन से मनसे और किसी जरूरतमंदों के लिए आवश्यकता के लिए धन सहयोग करते हैं। सभी मेंबरों ने नवकार महिला मंडल के कार्य की सराहना की और हमेशा साथ रहने की बात कही।मिन्नी ने कोषाध्यक्ष अध्यक्ष इंदु जैन, सचिव कुसुम गोलछा को अपना दाया बाया हाथ बताया। नीता लोढ़ा ने अध्यक्ष सचिव के कार्य की प्रशंसा की। हौजी गेम खिलाया गया उसमें प्रथम पुरस्कार कुसुम गोलछा को मिला, सेकंड सरिता जैन, थर्ड रीता छाजेड़ रही। जबकी लक्की विनर सुमन राखेचा रही। जाप व हर कार्य में अग्रणी रहने वाली दीपा जैन को भी पुरस्कृत किया गया। मंडल २* सालों से दीन दुखियों की सेवा कर रही है। कार्यक्रम में कुसुम गोलछा, इदू जैन, सरिता, दीपा जैन, दुर्गा, रीता छाजेड़,सुमन राखेचा, अनीता लुक्कड़, अंजू नीति लोढ़ा एवं मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## शहरवासियों को जल्द ही रामबाग से ओजस्वी नर्सिंग होम तक मिलेगी एप्रोच रोड : रामू



- स्कूटी से शहर भ्रमण कर जानी वार्डों की समस्याएं
- अधिकारियों को दिए तुरंत समस्या दूर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने सुबह स्कूटी से नगर का भ्रमण करते हुए वार्डों का निरीक्षण किया। चुनाव प्रचार के दौरान वार्डवासियों ने उनके समक्ष विभिन्न समस्याएं रखी। श्री रोहरा ने शहर में बढ़ते यातायात दवाब को देखते हुए रामबाग से ओजस्वी नर्सिंग होम तक एप्रोच रोड बनाने अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर कार्य करने निर्देशित किया। मराठा मंगल भवन के पीछे बने सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। प्रचार के दौरान वार्डवासियों ने श्री रोहरा को बताया था कि पूर्ववर्ती सरकार के समय सामुदायिक भवन का निर्माण तो किया गया था लेकिन भवन में जाने के लिए मार्ग नहीं है। श्री रोहरा ने प्रचार के दौरान ही वार्डवासियों को आश्वास्त किया था कि वे जिस दिन महापौर निर्वाचित होंगे सबसे पहले इस समस्या के निदान का रास्ता खोजा जाएगा। श्री रोहरा ने वहां पहुंचकर समस्या को देखा और वार्डवासियों से बात कर उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए शीघ्र ही निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं शहर के बढ़ते यातायात दवाब को देखते हुए श्री रोहरा ने रामबाग से ओजस्वी नर्सिंग होम तक एप्रोच रोड के लिए अधिकारियों को ब्लूप्रिंट बनाने निर्देशित किया।

## फरवरी माह में सूखने लगे शहर के आधा दर्जन तालाब



- घटने लगे भूमिगत जल स्रोत गंगरेल पानी से भरने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

धमतरी फरवरी माह में इस वर्ष गर्मी का एहसास होने लगा है। पारा 35 से 38 डिग्री तक पहुंच गया है। दिन में तेज धूप होने की वजह से लबालब भरे तालाब भी सूखने लगे हैं। शहर के आधा दर्जन तालाब ऐसे हैं जो सूखने की कगार पर हैं। कुछ तालाब तो खाली मैदान बन गए हैं। तालाबों के पानी सूखने से आसपास के क्षेत्र के वाटर लेवल कम होने लगा है। हैंडपंप व बोर का पानी काफी नीचे चला गया है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से तालाबों को गंगरेल से पानी भरने की मांग की है।

शहर में मकई तालाब, खपरी तालाब सूख कर मैदान बन गया है। दीवान तालाब, कठौली तालाब, महिमा सागर तालाब, शीतला तालाब सूखने की कगार पर हैं। तालाबों के सूखने से निस्तारी की समस्या आ गई है। शहर वासी चंदन पटेल, शीतल रंगारे, मीनाक्षी मारकंडे, पार्वती ढीमर आदि का कहना कि घरों में लगे मोटर पंप का वाटर लेवल नीचे चला गया है। शहर के अन्य तालाबों में रामसगरी तालाब, बनिया तालाब, बठेना तालाब, गंगासागर तालाब, रामबाग तालाब, नयनतारा तालाब, नाचन तालाब आदि ऐसे हैं जहां पानी तो है लेकिन कम होने की स्थिति में पानी प्रदूषित हो गया है। इस संबंध में आयुक्त प्रिया गोयल का कहना है कि तालाबों को आतिशीघ्र गंगरेल बांध के पानी से भरा जाएगा।

## नाली में गिरने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 7 निवासी संजय भट्ट पिता स्व. संतोष भट्ट की रविवार की रात्रि में गली की नाली में गिरने से मौत हो गई। मोहल्ले के युवाओं का कहना है कि युवक को रात्रि में बस स्टैंड के पास देखा गया था। बस स्टैंड से लौटकर वह घर की ओर आ गया। मोहल्लेवासियों ने सुबह घर के आंगन में झाड़ू लगाने के दौरान उसे नाली में गिरा हुआ देखा। तत्काल पुलिस को इसकी खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

## फरसियां में मड़ई 20 फरवरी को

**नगरी।** ग्राम फरसियां में 20 को मड़ई होगी। इस अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग संध्या छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी गांव मानपुर पटेवा महासमुंद का रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में सुभाष कश्यप अध्यक्ष ग्राम समिति, उपाध्याय उमेश साहू, कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार सिन्हा, सचिव शिवप्रसाद प्रजापति, भारत साहू, हीराशंकर यादव, अमृत धुव समेत समिति के सदस्य जोर-शोर से जुटे हुए हैं। यह जानकारी समिति के सचिव भारत साहू ने दी है।

# पूर्व महापौर के वार्ड में निर्दलीय ने किया कब्जा

- निकाय चुनाव में अब तक अजेय रहे निषाद परिवार को मिली शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



तत्कालीन महापौर के वार्ड सुभाषनगर में निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा देवांगन ने अप्रत्याशित जीत हासिल की है।

निकाय चुनाव 2019 में पूर्व महापौर विजय देवांगन ने यहां भारी मतों से जीत का रिकार्ड बनाया था। अभी कांग्रेस प्रत्याशी वोटों का सैकड़ा भी पार नहीं कर सका। वहीं लालबगीचा, सुभाषनगर वार्ड में भाजपा से लगातार 6 बार परचम लहराने वाले एक परिवार को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

शनिवार को नगर निगम धमतरी के निकाय चुनाव की मतगणना पीजी कालेज में हुई। सुभाषनगर वार्ड में भाजपा ने लालबगीचा की तत्कालीन पार्षद कमलेश्वरी निषाद पर भरोसा जताते हुए पार्टी से टिकट दी।

वहीं कांग्रेस ने नया चेहरा सुरेखा नाग को प्रत्याशी बनाया। इधर भाजपा से टिकट की मांग करने वाले पूर्व पार्षद भरत देवांगन की पत्नी पूर्णिमा देवांगन ने निर्दलीय लड़ने का फैसला किया। 2019 के निकाय चुनाव में विजय देवांगन ने 700 से अधिक मतों से जीत का रिकार्ड बनाया था और महापौर बने। वहीं 2025 के निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रचार में पिछड़ती चली गई। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने भी सिर्फ फार्मेल्टी के रूप में प्रचार किया। पहले बूथ की मतगणना में मात्र 20 वोट प्राप्त किया।। दूसरे बूथ में 73 के साथ कुल 93 वोट पर कांग्रेस सिमट गई। भाजपा की कमलेश्वरी निषाद ने पहले बूथ में 156 वोट तथा दूसरे बूथ में 357 वोट के साथ 513 मत प्राप्त किया। इधर निर्दलीय प्रत्याशी पूर्णिमा देवांगन ने पहले बूथ में 514 वोट प्राप्त कर 358 वोट की अजेय बढ़त बना ली। दूसरे बूथ में 209 वोट प्राप्त कर 210 मतों से अप्रत्याशित जीत हासिल की। सुभाषनगर में नोटा को 14 मत मिले।

online Booking:-www.tripuryatra.com

रिजर्वेशन यात्रा - 22 मार्च से 27 मार्च 2025,
8 मई से 13 मई2025, 29 मई से 3 जून 2025 (6 दिन)
श्री अयोध्या तीर्थयात्रा
प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या
राशि:-स्लीपर 8,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 21,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020